कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा
ब्लॉक सी—3, द्वितीय एवं तृतीय तल, इंद्रावती भवन,
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
(Email - highereducation.cg@gmail.com Website - www.highereducation.cg.gov.in)

कमांक 4416/1437/आउशि/सम./2023 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 20/11/2023

प्रति,

1. **कुलसचिव**
   समस्त राजकीय विश्वविद्यालय (छ.ग.)
2. **प्राचार्य**
   समस्त शासकीय महाविद्यालय
   (छ.ग.)

विषय :— विभागीय परिवहन योजना हेतु लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड के उपयोग हेतु दिशा निर्देश।
संदर्भ :— प्रशिक्षण दिनांक 09.11.2023।

——000——

उपर्युक्त संदर्भित प्रशिक्षण के माध्यम से विभागीय परिवहन योजना के साफ्टवेयर में किये गये संशोधन उपरांत सभी शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं राजकीय विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों द्वारा अपने संस्थानों के छात्र—छात्राओं के परिवहन मार्ग (कहां से कहां तक) एवं गुगल के माध्यम से उनके परिवहन मार्ग की उचित दूरी ज्ञात कर तैयारी करने की प्रकिया के संबंध में प्रशिक्षित किया गया था। सभी संबंधितों द्वारा अपने संस्थानों के परिवहन हेतु इच्छुक छात्र—छात्राओं के युनिक परिवहन मार्ग एवं दूरी के तैयार की गयी डेटा शीट की परिवहन साफ्टवेयर में प्रविष्ठि करने हेतु निम्नानुसार कार्यवाही करें:—

1. विभागीय परिवहन पोर्टल हेतु आपके महाविद्यालय का लॉगिन आईडी AISHE कोड है एवं पासवर्ड भी AISHE कोड है। ऐसे 52 नवीन महाविद्यालय जिनके AISHE कोड नहीं हैं उनके ई—मेल पर लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड प्रेषित किये गये है।
2. इस लॉगिन से प्रथम बार पोर्टल पर लॉगिन करने के तत्काल बाद सुरक्षा की दृष्टि से पासवर्ड अनिवार्यतः परिवर्तित करें एवं सुरक्षित रखें । पासवर्ड की जानकारी केवल किसी एक जिम्मेदार अधिकारी /कर्मचारी को दें।
3. पोर्टल की सुविधा छात्र/छात्राओं को देने के लिये महाविद्यालय को सर्वप्रथम परिवहन मार्ग का विवरण डैशबोर्ड में उपलब्ध Pickup & Drop Points नाम के पेज के माध्यम से महाविद्यालय के साथ लिंक करना होगा । लिंक करने हेतु कहॉ से, कहॉ तक एवं दूरी की प्रविष्टि करनी होगी।
4. इस हेतु जिन ग्रामों से बच्चे महाविद्यालय आते है उनमें से प्रत्येक गांव का नाम एवं महाविद्यालय के निकटतम बस स्टॉप तक की जानकारी प्राप्त कर एवं परिवहन की दूरी गूगल के माध्यम से ज्ञात करें । तत्पश्चात् ADD बटन को क्लीक कर सुरक्षित करें । उपरोक्त प्रकिया सभी नये ग्राम से महाविद्यालय तक के लिये दोहराते हुए सभी मार्ग को महाविद्यालय से लिंक कर दें ।
5. यह ऑप्शन भविष्य में भी खुला रहेगा । अतः नया प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी का ग्राम से महाविद्यालय तक का मार्ग पूर्व से लिंक नही है तो उसके लिये नया मार्ग बनाकर लिंक करने की प्रकिया पुनः की जा सकती है।

6. विद्यार्थी लॉगिन से फार्म भरते समय महाविद्यालय द्वारा लिंक किये गये सभी परिवहन मार्ग विद्यार्थी को दिखाई देंगें, जिनमें से अपने मार्ग का चयन करने के पश्चात् आवेदन महाविद्यालय को सब्मिट करेगें । सब्मिट करते ही आवेदक का आवेदन महाविद्यालय के लॉगिन पर प्राप्त हो जायेगा, जिसका परीक्षण कर स्वीकृत/अस्वीकृत की प्रकिया महाविद्यालय द्वारा पूर्ण की जायेगी ।
7. स्वीकृत करते ही आवेदक के लॉगिन आईडी पर उनका बस पास क्यू.आर.कोड के रूप में प्राप्त हो जायेगा। जिसका उपयोग आवेदक द्वारा चयनित मार्ग में एक बार महाविद्यालय आने एवं एक बार महाविद्यालय से लौटने हेतु कार्यालयीन दिवस में सत्र 2023–24 हेतु किया जा सकेगा।
8. हेल्पडेस्क– किसी भी प्रकार की तकनीकी त्रुटि का प्रेषण हेल्पडेस्क के ई–मेल –cmbuspass@gmail.com अथवा टेलीफोन नंबर 0771–2263620 पर किया जा सकता है। ई–मेल में प्रेषक का नाम एवं मोबाइल नम्बर का उल्लेख करना अनिवार्य है।
9. तकनीकी त्रुटि का निराकरण साफ्टवेयर डेवलपर एजेन्सी चिप्स द्वारा किये जाने के उपरांत आपके ई–मेल/मोबाइल नम्बर के माध्याम से अवगत कराया जायेगा।
10. इस हेतु अद्यतन मैनुअल की साफ्टकॉपी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के लॉगिन पर आवश्यक कार्यवाही हेतु उपलब्ध है।

(आयुक्त, उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित)
संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

अपर संचालक
उच्च शिक्षा संचालनालय
नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)